# देखो जी मेरा श्याम आया | by Ankit Goyal

प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों
प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों
होकर लीले असवार देखो जी मेरा श्याम आया
भक्तों पे लुटाने प्यार देखो जी मेरा श्याम आया

आज सारे भक्तों को बुलाओ जैकारा लगाओ मेरे श्याम का
दिल की बातें कह जाएँ मन में कुछ ना रह जाएँ
सब की सुनेगा सररकार लखदातार
सच्चे दिल से लगा ले गुहार देखो जी मेरा श्याम आया
भक्तों पे लुटाने प्यार देखो जी मेरा श्याम आया

माथे टीका रोली लगा दो गजरा पहनाओ मेरे श्याम को
मोर मुकुट सर पहनाओ बागा पचरंगी लाओ
आज गज़ब करो सिंगार रे श्रृंगार
और इत्र की हो बौछार देखो जी मेरा श्याम आया
भक्तों पे लुटाने प्यार देखो जी मेरा श्याम आया

बागों से फूल मँगाओ राहों में बिछा दो मेरे श्याम की
सिंहासन मंगवाओ जी श्याम को उसपे बिठाओ जी
लाओ भोग का भर भर थाल भर भर थाल
गोलू मिलके करे मनुहार देखो जी मेरा श्याम आया
भक्तों पे लुटाने प्यार देखो जी मेरा श्याम आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-ankit-goyal/